# भरतपुर में पर्यटन स्थलों के विकास से पर्यटकों की संख्या में तो बढ़ोतरी होगी : जिला कलेक्टर



कलेक्ट्रेट के सभागार में भरतपुर में पर्यटन की संभावनाएं एवं शहर सौंदर्यीकरण के संबंध में बैठक का आयोजन हुआ।

■ **जिला कलेक्टर ने नगर निगम, घना, नगर विकास न्यास एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों को पर्यटक स्थलों का विकास कर पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये**

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में भरतपुर में पर्यटन की संभावनाएं एवं शहर सौंदर्यीकरण के संबंध में बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर ने कहा कि भरतपुर में पर्यटन स्थलों के विकास से पर्यटकों की संख्या में तो बढ़ोतरी होगी ही साथ ही जिले की आय में भी वृद्धि होगी।

जिला कलेक्टर ने नगर निगम, घना, नगर विकास न्यास एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों को पर्यटक स्थलों का विकास कर पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि पर्यटक स्थलों के आसपास एवं मुख्य चौराहों व रास्तों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाये व सौंदर्यीकरण के लिए स्पॉट चिन्हित करते हुए कार्यवाही करें। उन्होंने शहर में पर्यटक स्थलों के पास चौपाटियां विकसित करने एवं अन्य पर्यटक गतिविधियों के संसाधन विकसित करने सहित ट्रांसपोर्ट व्यवस्था बेहतर करने को कहा। उन्होंने घना निदेशक मानस सिंह को घना में पर्यटकों की वृद्धि के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर आवश्यक कार्य करने सहित ट्रांसपोर्ट, कैंटीन, फुटपाथ सहित आवश्यक सुविधाएं बेहतर करने को कहा। उन्होंने गोल्फ कार्ट, ई-बाईक एवं साइकिल संचालित करने के सम्बंध में निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि भरतपुर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आगरा व मथुरा आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करना आवश्यक है जिसके लिए भरतपुर में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के साथ उचित दर पर होटल व पर्यटक गतिविधियां उपलब्ध करवाये जाने के सम्बंध में विचार करने की आवश्यकता है।

उन्होंने जीर्णशीर्ण ऐतिहासिक इमारतों का जीर्णोद्धार करवाने एवं उनमें रंगरोगन करवाने सहित सौंदर्यीकरण के आवश्यक उपाय अपनाने के निर्देश दिये साथ ही शहर में साइक्लिंग पाथ विकसित करने सहित रेंट पर साइकिल उपलब्ध करवाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को प्रदान किये गये। जिला कलक्टर ने बंध बारैठा क्षेत्र को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए किये जा रहे उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए स्टेक होल्डर्स से सुझाव भी आमंत्रित किये। उन्होंने किशोरी महल, संग्रहालय, गंगा मंदिर, लक्ष्मण मंदिर, जामा मस्जिद, लोहागढ़ किला, सुजान गंगा, वैर व बयाना के किलों के आसपास के क्षेत्र को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने व इनके उचित देखभाल के सम्बंध में निर्देश प्रदान किये। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव ने पीपीटी के माध्यम से भरतपुर में पर्यटन की सम्भावनाओं सहित विभिन्न सुधार वाले स्थानों से सम्बंधित कार्ययोजना की जानकारी विस्तार से प्रदान की। घना निदेशक मानस सिंह ने घना में पर्यटकों की सुविधाओं के मद्देनजर किये गये सुधारों व प्रयासों के बारे में जानकारी देते हुए भविष्य की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया।

इस दौरान जिले के होटल एवं रिसोर्ट संचालकों, पर्यटक संस्थानों के संचालकों एवं स्टेक होल्डर्स से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया गया। होटल संचालक दीपराज, तीरथ सिंह, हरेन्द्र सिंह, रूपेन्द्र सिंह, अवधेश अवस्थी, रविन्द्र सिंह, महेश, रनवीर एवं अन्य स्टेक होल्डर्स ने बंध बारैठा में हाउस बोट संचालित करने सहित पर्यटक स्थलों के पास कैफेटेरिया विकसित करने एवं ट्यूरिस्ट गाईड व्यवस्था बेहतर करने सहित अन्य सुझाव दिये गये।

## सार-समाचार

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**भुसावर ( निस )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंहने कहा कि कुछ शारीरिक क्रियाएं करना ही योग नहीं है, इसके आठ अंग है यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। योग में सबसे पहले मन, विचार और भोजन की शुद्धता पर ध्यान दिया जाता है, फिर शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आसन व योग क्रियाएं होती है। योग हमारे जीवन में सुचिता और सम्पूर्णता लाता है। डॉ. विनोद भटेष्वर ने कहा कि महर्षि पतंजलि का योग हर युग व हर धर्म को अपनाने वाले हर व्यक्ति के लिए उपयोगी है। मैट्रन प्रेम कुमारी व छात्रा प्रियंका यादव ने विद्यार्थियों को विभिन्न योग क्रियाएं करवायी। इस अवसर पर डॉ. मोहित कुमार, डॉ. प्रवीण हटवाल, रेखा मीना, अतुल शर्मा, हेमन्त सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आज

**गंगापुर सिटी ।** शनिवार को श्री राजपूत करणी सेना की एक विशेष बैठक करणी सेना कार्यालय पर रखी गयी जिसमे करणी सेना गंगापुर सिटी द्वारा महाराणा प्रताप जयन्ती व प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारियो की समीक्षा की गई। रविवार को आयोजित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समारोह व राजपूत प्रतिभा सम्मान समारोह को भव्य व विशाल बनाने के लिए कार्यकारिणी व समाज के लोगो ने तैयारियों को पूर्ण रूप देने के लिए बैठक चर्चा की गई। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जन्मोत्सव कार्यक्रम सुबह 1० बजे प्रारम्भ होगा जिसमे सर्वप्रथम एक सभा की जाएगी आगनतुक अतिथियों का स्वागत करने के पश्चात सभा मे समाजिक मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की जाएगी। उसके बाद राजपूत समाज की प्रतिभा जिन्होंने शिक्षा, सरकारी नौकरी व अन्य विशिष्ट सेवाओं मे उत्कृष्ट कार्य किया है उन्हें प्रशस्ति पत्र व मुमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा व वाहन रैली निकाली जाएगी तथा शोभा यात्रा का समापन कोर्ट चौराहे पर करते हुए जिला कलेक्टर साहब गंगापुर सिटी को महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने के लिए स्थान चिन्हित करने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक मे राजवीर सिंह राजावत, कृष्ण पाल जादौन, नरेन्द सिंह डूंगरी, अजय सिंह नरुका, शिवराज सिंह नरुका, दीपू सिंह राजावत,रिंकू सिंह, श्याम सिंह सिकरवार, रघुनन्दन सिंह, नितेश सिंह जादौन, गोपाल सिंह परमार, कुलदीप सिंह राठौर, कुलदीप सिंह राजावत, जोगेंद्र सिंह चौहान, रघुनंदन सिंह, नितेश सिंह जादौन, नीरज सिंह, गुलाब सिंह धीरावत, भानु प्रताप सिंह सहित अन्य करणी सेना पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### फरार ट्रक चालक गिरफ्तार

**भरतपुर ( निस )।** सेवर थाना पुलिस ने गौतस्करी के मामले में फरार ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। 27 दिसम्बर 2022 को एएसआई राधा किशन को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि बांसी से धानौता गावं के कच्चे रास्ते में एक ट्रक रास्ते में फंसा पडा है, जिसमें गौवंश भरे हुये है। इस सूचना पर एएसआई मय जाप्ता के सांकेतिक स्थान पर पहुंचे तो एक ट्रक रास्ते में फंसा हुआ मिला। ट्रक को चैक किया तो ट्रक में निर्दयतापूर्वक गौवंश ठसाठस भरे हुये मिले। जिनमें से 17 गौंवष जीवित व 9 गौवंष मृत (कुल 26 गौवंष) अवस्था में मिले। पुलिस द्वारा 17 जीवित गौवंशों को मुक्त कराकर गढी सांवलदास गौशाला भरतपुर के सुपुर्द किया गया तथा मृत गौवंशों का पशु चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम कराकर दफनाया गया। तथा ट्रक को जप्त कर फरार गौतस्करों के विरूद्ध थाना सेवर पर मामला पंजीबद्व किया गया था। दयालसिंह हैड कानिस्टेलब मय जाप्ता द्वारा अनुसंधान कर इस मामले के फरार ट्रक चालक शाहरूख पुत्र जलेब जाति मेव निवासी बेरी थाना ताबडू जिला नूह मेवात हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात रहे कि उक्त मामले में पूर्व में ही ट्रक मालिक मोईन को गिरफ्तार किया जा चुका था।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत राशि हस्तान्तरण 24 को

**करौली।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की अभिवृद्धित राशि का हस्तान्तरण कार्यक्रम बर्चुअल माध्यम से 24 जून को प्रातः 11.45 बजे टाउन हॉल में आयोजित किया जायेगा। इस संबंध मे उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाऐं करने के संबंध मे दिशा निर्देश जारी किये है।

### आमजन की सुनी जायेंगी समस्याऐं

**करौली।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि पंचायत समिति हिण्डौन की ग्राम पंचायत सूरौठ में 27 जून को एवं पंचायत समिति मंडरायल की ग्राम पंचायत बुगडार मे 28 जून को सायं 7 बजे रात्रि चौपाल का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि रात्रि चौपाल मे आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

## उपचार के दौरान महिला की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

**हिण्डौन सिटी ।** निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद महिला की तबीयत बिगड़ने और जयपुर में इलाज के दौरान मौत होने पर परिजनों ने करौली-महवा बाइपास पर जाम लगा दिया। महिला का बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद एक यूनिट ब्लड चढ़ाया था कि उसकी तबीयत बिगड़गई। मामला हिंडौन सिटी का है।

नई मंडी थाना प्रभारी रामकिशन यादव ने बताया कि मृतका श्रीमहावीरजी थाना क्षेत्र के अकबरपुर (नौरंगाबाद) निवासी पिंकी जाटव (32) पत्नी साहब सिंह जाटव है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के पति साहब सिंह ने रिपोर्ट दी है। जिसमें बताया कि उसकी पत्नी पिंकी जाटव के बच्चेदानी का ऑपरेशन कराने के लिए निजी हॉस्पिटल में 19 जून को दोपहर 12 बजे भर्ती कराया गया। जिसमें सोनोग्राफी के बाद शाम को ऑपरेशन किया गया।ऑपरेशन के बाद उसे दो यूनिट में से एक यूनिट ब्लड चढ़ाने के बाद महिला की तबियत बिगड़ने लगी। जिसमें एक दिन बाद 21 जून को यहां से जयपुर के एक निजी हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। जिसमें 21 जून की रात 11 बजे महिला की जयपुर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। जिसके बाद नाराज परिजन शव लेकर आज सुबह हिंडौन पहुंच गए।

परिजन और ग्रामीण हिंडौन में 220 केवी से गुजर रहे महवा-करौली मार्ग स्थित निजी हॉस्पिटल के बाहर इकट्ठा हो गए और शव के साथ हंगामा करने लगे। सड़क पर पत्थर डालकर आवागमन रोक दिया। करीब 3 घंटे बाद एसडीएम हेमराज गुर्जर और डीएसपी गिरधर सिंह की समझाइश पर प्रदर्शन कर रहे लोग शांत हुए और पोस्टमॉर्टम के लिए राजी हुए। पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया। महिला के पतिसाहबसिंह ने बताया कि उसकी पत्नी एक माह की गर्भवती थी। जिसके पेट मे दर्द होने पर उपचार के लिए निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

## शिविरों का अवलोकन किया

**भरतपुर (निस)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय, भरतपुर एवं स्थानीय संघ, भरतपुर द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास अभिरूचि प्रशिक्षण शिविरों का सहायक राज्य मुख्यायुक्त आलोक शर्मा एवं प्रदीप शर्मा द्वारा अवलोकन किया गया। स्थानीय संघ, सचिव भानू प्रताप सिंह द्वारा सहायक राज्य मुख्यायुक्त आयुक्त आलोक शर्मा एवं प्रदीप शर्मा का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। स्थानीय संघ सचिव भरतपुर द्वारा शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। आलोक शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालक व बालिकाओं में छिपे हुऐ टेलेन्ट को निखारने और सर्वांगीण विकास के लिए ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस शिविर में बालक बालिकाओं को सिलाई, पेटिंग, मेंहदी, गीत, संगीत, नृत्य, योगा, ब्यूटीशियन, कम्प्यूटर, एंकरिग के साथ खेलों में मार्शल आर्ट, कराटे, ताईकांडो, स्केटिग प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षित दक्ष एवं अनुभवी प्रशिक्षको के द्वारा दिया गया।

## ब्राह्मण प्रतिभाऐं सम्मानित



उत्कृष्ठ कार्य करने वाली ब्राह्मण प्रतिभाओं का सम्मान किया।

**हिंडौन/सूरौठ।** ब्राह्मण समाज तहसील सूरौठ के तत्वाधान में पुरुषोत्तम शास्त्री व अध्यापक अश्विनी शर्मा विजयपुरा वालो के निवास पर वर्धमान नगर हिंडौन सिटी में शनिवार को ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

सूरौठ तहसील अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा व महामंत्री वेदप्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत ज्योतिष वास्तु आचार्य त्रिलोक शास्त्री, देवकीनंदन शास्त्री प्रहलाद शास्त्री द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ भगवान परशुराम एवं मां सरस्वती के चित्र पट के समक्ष हिंडौन नगर अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, टोडाभीम ब्राह्मण अध्यक्ष ब्रह्मानंद शर्मा, श्री महावीर जी अध्यक्ष शिवदत्त शर्मा, चौबीसा अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, सूरौठ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, अठाईसा अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा, तहसील सूरौठ अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा सुरोठ शहर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हिंडौन तहसील, सूरोठ तहसील, 28 सा ब्रांच महू, चौबीस ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, राजकीय सेवा में सरकारी नियुक्ति प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इससे पूर्व आयोजन कमेटी द्वारा अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणियों का दुपट्टा पहनाकर के सम्मानित किया।

तहसील अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने कहा कि इस तरीके के कार्यक्रमों से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं में उत्साह जागृत होता है। अच्छा प्रणाम देने वाले विद्यार्थियों से आशा है कि समाज ,राज्य ,देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर समाज के चौबीसा महामंत्री हरिश्चंद्र शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, सह सचिव नरेंद्र बाबा, टीटी शर्मा, रमन कटारा सोमली,कैलाश शर्मा ढिंढोरा, भूपेंद्र धुरसी शशिकांत शर्मा महू, गुलाब चन्द ,मनोज जोशी जगर, अशोक तिवाड़ी महू मंजीत मुद्गल, महेश शर्मा, महादेवा विजयपुरा, भूपेन्द्र शर्मा, शीतल शुक्ला, रामोतार पाली, वैद्य विजय कृष्ण सहित, मगन शर्मा श्री महावीर जी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। समारोह में समाज की पचपन प्रतिभाओं में नीट चयनित भावेश तिवारी, राजस्थान विश्वविद्यालय की स्वर्ण पदक विजेता आशा दत्तात्रेय सुमित शर्मा आदित्य शर्मा का विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समारोह पूर्वक हुआ समापन

**गंगापुर सिटी ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गंगापुर सिटी के द्वारा संचालित छात्रा व्यक्तित्व विकास एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का भगवती पैलेस में समरोह पूर्वक समापन हुआ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक मनोज सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति शिवरतन गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता नगर खंड कार्यवाह मनोज जैन, विशिष्ट अतिथि कुहू स्कूल के संस्थापक हेमंत शर्मा, स्कूल शिक्षा परिवार के जिला अध्यक्ष अनुज शर्मा और पीटाई अनीता शर्मा, कार्यक्रम संयोजक ओम प्रकाश गुर्जर, सावित्री शर्मा रहे। एबीवीपी के विभाग संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया आत्मरक्षा प्रशिक्षण की संयोजक अनीता शर्मा ने 7 दिन का प्रशिक्षण करवाया ओर शिक्षा के साथ साथ बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण लेने का आह्वाहन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा कि आज बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण बहुत ही जरूरी है।

उन्होंने बताया कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने कहा कि हमारे भारत देश की प्रत्येक बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण लेना चाहिए ताकि जब भी कोई दुराचारी लोग उन पर गलत दृष्टि डालें तो उन्हें ये मुंह तोड जवाब दे सके। पुरातन काल में भी महिलाओ व बालिकाओ को शास्त्र व शस्त्र का प्रशिक्षण दिया जाता था जिसका ही परिणाम है कि रानी लक्ष्मीबाई जैसी महिलाओ ने इतिहास रच दिया। मुख्य वक्ता आरएसएस के खंड कार्यवाह मनोज जैन ने कहा कि जिस प्रकार शिक्षा की हमें आवश्यकता है। इसी प्रकार आज बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण की जरूरत है। विद्यार्थी परिषद के द्वारा संचालित छात्रा व्यक्तित्व विकास एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रीति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सभी को सम्मानित किया गया। एबीवीपी के विभाग संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि एबीवीपी ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से पूरे देशभर में 2० लाख से अधिक छात्राओं को प्रशिक्षण दिया है। कार्यक्रम में अनीता शर्मा, प्रांत उपाध्यक्ष धर्म वीरमीणा प्रांत सह मंत्री अंजलि चौरसिया, विभाग संयोजक सीताराम गुर्जर, जिला संयोजक मनोज सैनी, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, पूर्व जिला प्रमुख हेमंत शर्मा, पूर्व जिला सह प्रमुख राजेश आचार्य, पूर्व नगर मंत्री भानु शर्मा, भूपेंद्र सिंह गुर्जर, वजीरपुर नगर मंत्री सचिन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## शिविर में सीखी गई विधाओं का दोहरान किया

**करौली** (नि.स.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर के समापन का कार्यक्रम सूर्योदय माध्यमिक पब्लिक स्कूल विवेक विहार करौली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर सर्वेश कुमार गुप्ता रहें जबकि अध्यक्षता स्थानीय संघ के उप प्रधान अभय कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन के साथ एवं स्काउट गाइड प्रार्थना से हुआ।सचिव स्थानीय संघ मुकेश सारस्वत ने बताया कि शिविर प्रभारी बृजकिशोर शर्मा ने सभी अतिथियों का स्काउट रीति से स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर शिविर में आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## एक महिला व पुरूष प्रभूजन को भिजवाया अपना घर

**गंगापुर सिटी।** अपना घर सेवा समिति, गंगापुर सिटी ने दो लावारिस प्रभू जनो को अपना घर भिजवाया। समिति अध्यक्ष रमेश चंद पटटीवाले ने बताया कि सदर थाना से सूचना मिली कि एक महिला प्रभूजी व उसके साथ एक बच्चा लावारिस स्थित में है जिस पर समिति की महिला इकाई सदस्य कविता राजोरा, आरती शर्मा राजेश राजोरा सदर थाने पहुंचे और महिला प्रभूजी से वार्ता की तो उसने अपना नाम बेवी बताया एवं महिला के साथ एक छोटा बच्चा भी है। इसी प्रकार जीआरपी थाने से भी एक अन्य पुरूष प्रभूजन के लावारिस अवस्था में पडे होने की सूचना मिली जिस पर समिति अध्यक्ष रमेश पटटीवाले व सचिव शिवनारायण गुप्ता पहुंचे ओर प्रभूजन से वार्ता की तो उसने अपना नाम राजकुमार बताया एंव वो पता स्पष्ट रूप से नहीं बता सके। जिस पर दोनो प्रभूजनो को मय बालक के अपना घर भिजवाया गया।

## हेला ख्याल दंगल का हुआ समापन

**करौली**(नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय के पास रतनपुर गांव में विशाल हेला ख्याल दंगल का आयोजन किया गया। 3 दिन तक चले हेला ख्याल दंगल के समापन के मौके पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर मौजूद रहे।

गत 18 जून से आयोजित हेला ख्याल दंगल में स्थानीय पार्टी के अलावा रघुवंशी, सायपुर, कीरतपुरा, गुनेसरी, हजारीपुरा गांवों की गायन पार्टियों ने भाग लिया। गायन पार्टियों द्वारा राजनीति और धार्मिक विषयों पर एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति दी। प्रस्तुतियों को सुनकर श्रोता आनंदित हो उठे।रतनपुर गांव की पार्टी द्वारा राम मंदिर निर्माण के ऊपर बनाए हेला ख्याल से श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह का आयोजन समिति ने माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने कई गायन पार्टियों की प्रस्तुतियां सुनी और उनकी सराहना करते हुए नगद पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की। विधायक ने कहा कि लोक कलाओं के संरक्षण के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम हर साल होने चाहिए। हेला ख्याल दंगल को सुनने बड़ी संख्या में स्थानीय और अन्य ग्राम पंचायत के लोग पहुंचे।


**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मु.प्रा. करौली**

क्रमाकः-जिशिअ/करौली/लेखा/2024-25/61-65 दिनांकः22.06.2024

**खुली निविदा सूचना संख्या 02/2024-25**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मिड डे मील योजनान्तर्गत स्थानीय कार्यालय तथा अधीनस्थ 06 ब्लॉक कार्यालयों हेतु प्रत्येक के लिए कुल 07 (सात) कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन) दर अनुबंध पर उपलब्ध कराने हेतु विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदकों से निविदाऐ दिनांक 22.06.2024 को प्रातः 11:30 बजे से दिनांक 28.06.2024 को दोपहर 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण स्थानीय कार्यालय एवं बेवसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No- EED2425SSOB00125

जिला शिक्षा अधिकारी, मु.प्रा.करौली


## भाजपा के वरिष्ठ नेता सुदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि मनाई



करौली मे आयोजित भाजपा नेता सुदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि कार्यक्रम मे उपस्थित भाजपाई।

**करौली( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी जिला करौली द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि मनाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करौली जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने की एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर रहे एवं विशेष अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रहलाद सिंहल रहे एवं मंच संचालन विधानसभा संयोजक योगेश कुमार शर्मा उर्फ योगी द्वारा किया गया। विधायक दर्शन सिंह गुर्जर एवं जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया द्वारा सुंदर सिंह भंडारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की इसी क्रम में आगे सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने भंडारी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला अध्यक्ष ने बताया कि सुंदर सिंह भंडारी अपने जीवन में हर क्षेत्र में सफल रहे उन्होंने अपने जीवन से आज की पीढ़ी को आगे बढ़ने की राह प्रस्तुत की है। जनसंघ के संस्थापक भंडारी ने कार्यकर्ताओं को गढ़ने एवं संगठन के विस्तार के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। संगठन के प्रति उनका समर्पण कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणापुंज है।करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा की सुंदर सिंह भंडारी का जनसंघ में ओहदा उच्च था उनके समर्पण अद्वितीय था वह राज्यसभा सांसद,राज्यपाल भी रहे। उन्होंने कहा की हमारे पुरोधाओ ने अपने जीवन से आज की पीढ़ी को संदेश दिया है हमे देश,पार्टी को प्राथमिकता देनी है। प्रहलाद सिंहल ने सुंदर सिंह भंडारी का संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए बताया कि स्वर्गीय भंडारी शिक्षा के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संपर्क में आए तब से वह संघ से जुड़े वह जीवन भर अविवाहित रह कर मां भारती के लिए समर्पित रहे। सुंदर सिंह भंडारी जिन्होंने सर्वस्व समर्पण किया


सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान, जयपुर राईस द्वारा संचालित

**देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय, अंधपुरा-सकरघटा, करौली (राज.)**

dggrsandhpurasakarghata@gmail.com Mobile No. 9610154318, 8005736657

क्रमाकः-दे.रा.बा.आ.वि./अधपुरा/विद्या सबल/2024-25/75 दिनाकः-22.06.2024

**विज्ञप्ति**

श्रीमान् अतिरिक्त निदेशक महोदय, राईस सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर के पत्रांक एफ1(A)(01965)स्था./राईस/गैस्ट फैकल्टी/2022/219 दिनांक 10.06.2024 एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांकः-प-6(2)वित्त/सा.वि.ले.नि/2021 जयपुर दिनांक 30.03.2021 की अनुपालना मे राईस जयपुर के नियन्त्राणाधीन देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय अंधपुरा-सकरघटा करौली के लिए **विद्या संबल योजना** के अन्तर्गत निम्नांकित रिक्त पदो के विरुद्ध आर.एस.आर. सेवा नियमों में अंकित योग्यता आदि की पात्रता रखने वाले सेवानिवृत्त कार्मिको/निजी अभ्यर्थियों से परिपत्र मे वर्णित दरों पर बजट उपलब्धता की शर्तो के अध्याधीन गैस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन पत्र दिनांक आमंत्रित किये जाते है। **इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र स्थानीय विद्यालय से प्राप्त कर अन्तिम तिथि दिनांक 03.07.2024 तक सुबह 09:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक जमा करवाये जा सकते है।**

| क्र.सं. | विषयावर रिक्त पद का नाम | रिक्त पदो की संख्या | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता- जीव विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, रसायन विज्ञान | प्रत्येक विषय मे -01 कुल 05 पद | PG in the relevant Sub. with B.Ed |
| 2 | वरिष्ठ अध्यापक सामाजिक | कुल 01 पद | UG in the relevant Sub. with B.Ed |
| 3 | अध्यापक ले-2- हिन्दी, अंग्रेजी, गणित/विज्ञान | प्रत्येक विषय मे-01 कुल 03 पद | UG in the relevant Sub. with B.Ed And REET Qualify according state Gov. rule |
| 4 | प्रयोगशाला सहायक | 03 | 12th Pass with Physics Chemistry, Biology |
| | कुल रिक्त पद | 12 | |

**नोट- पदो मे कमी या वृद्धि का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।**

आवेदनकर्ताओं का चयन विभागीय नियमानुसार चयन समिति द्वारा वरीयता सूची के आधार पर किया जायेगा। चयनित आवेदनकर्ताओ को मानदेय वित्त विभाग के उपर्युक्त परिपत्र (अद्यतन) के अनुसार दिया जायेगा। आवेदनकर्ता की शैक्षणिक अर्हता राज्य सरकार के संबंधित पद-सेवा नियमो के अनुसार होनी चाहिए। विद्यालय मे रिक्त पद विभाग द्वारा भरे जाने पर यह व्यवस्था स्वतः समाप्त समझी जावेगी।

प्रधानाचार्य

देवनारायण राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय अंधपुरा-सकरघटा करौली